### एक नजर में

## 22 को जाएगी तीर्थ दर्शन यात्रा

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। मध्यप्रदेश शासन धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग मंत्रालय भोपाल के निर्देशानुसार मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना अंतर्गत टीकमगढ़ जिले के तीर्थ यात्रियों को 22 दिसम्बर को रामेश्वरम्-मुदरई यात्रा जाना प्रस्तावित है। मुख्यमंत्री तीर्थदर्शन योजना अंतर्गत 60 वर्ष या अधिक आयु वर्ग के वरिष्ठ नागरिक पात्र हितग्राही इस यात्रा में रामेश्वर मुदरई जाने हेतु अपना आवेदन पत्र 8 दिसम्बर तक संबंधित जनपद पंचायत,नगर पालिका,नगर परिषद कार्यालय में जमा कर सकते हैं।**

मुख्यमंत्री तीर्थदर्शन योजना अंतर्गत यदि एक ही व्यक्ति द्वारा जनपद,नगर परिषद में पृथक-पृथक आवेदन किया गया है, तो आवेदन निरस्त हो सकता है। इसलिये जो व्यक्ति जिस नगर परिषद,जनपद का रहने वाला है, उसी नगर परिषद,जनपद पंचायत से ही आवेदन पत्र किये जायें। आवेदन पत्र में संग्लन अन्य दस्तावेजों के साथ आधार कार्ड,वोटर कार्ड की छायाप्रति, समग्र आईडी की छायाप्रति अनिवार्य रूप से दी जाये।

# स्टाफ की कमी से जूझ रहा ट्रामा सेंटर का आईसीयू वार्ड

**डॉक्टरों के अभाव में नहीं मिल रहा लोगों को बेहतर इलाज**

**राजेन्द्र अस्पताल के जिम्मेदार अधिकारी नहीं करते निरीक्षण**

**नवभारत न्यूज टीकमगढ। जिला कई क्षेत्रों में पहले से ही पिछड़ा हुआ है लेकिन स्वास्थ्य विभाग इन दिनों सबसे ज्यादा बीमार चल रहा है। टीकमगढ़ के जिला चिकित्सालय में सरकारी डॉक्टरों का आभाव होने से गरीब लोगों को बेहतर इलाज नहीं मिल पा रहा है। जिसके चलते उन्हें निजी अस्पतालों और झांसी, ग्वालियर की ओर मजबूरी में रूख करना पड़ रहा है। हालाकि बीते माह प्रदेश सरकार ने जिला अस्पताल को 500 सौ बिस्तर की सौगात दी है ऐसे में अस्पताल को चिकित्सकों की कमी खल रही है। ट्रामा सेंटर का आईसीयू वार्ड स्टाफ की कमी से जूझ रहा है।**




दरअसल जिला अस्पताल में विशेषज्ञ डॉक्टरों के कई पद खाली हैं, तो वहीं पीएससी और सीएससी सेंटरों पर विशेषज्ञों के पद रिक्त हैं। इसके अलावा सेकेड क्लास चिकित्सा अधिकारी के पद भी काफी रिक्त है। जिला अस्पताल में विशेषज्ञ डॉक्टरों के कई पद महीनों से खाली हैं। हालत यह है कि जिले के पीएचसी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और सीएचसी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अस्पतालों में स्वीकृत पदों के अनुसार विशेषज्ञ डॉक्टर की कमी है। डॉक्टरों की कमी का सीधा असर आम मरीजों पर पड़ रहा है। साधारण से गंभीर तक हर तरह की बीमारी में मरीजों को बेहतर इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज और झांसी क्षेत्रों में डॉक्टरों की नियुक्ति सरकार की प्राथमिकता होनी चाहिए। इससे न केवल इलाज की सुविधा सुधरेगी बल्कि दूर-दराज के मरीजों को समय रहते जीवनरक्षक उपचार मिल सकेगा। शासन को चाहिए कि टीकमगढ़ के अस्पतालों में रिक्त पदों को तत्काल भरे ताकि जिले की जनता को अपने ही क्षेत्र में बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मिल सके और मेडिकल कॉलेज के चक्कर काटने की मजबूरी खत्म हो। जिला अस्पताल में रात के समय इमरजेंसी में एक डॉक्टर की ड्यूटी रहती है । यदि जनप्रतिनिधि प्रयास करें तो डॉक्टरों की पूर्ति हो जाए जिससे रात में दो डॉक्टर तैनात रहे जिससे मरीजों और डॉक्टर के बीच होने वाली कहासुनी में भी कमी आएगी। ग्वालियर दिखाने के लिए जा रहे मरीजों को समय और पैसे की बर्बादी से बचा जा सकता है। बल्कि कई बार समय पर इलाज न मिलने से मरीजों की हालत और बिगड़ जाती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि स्वास्थ्य सेवाओं की इस बदतर स्थिति पर जनप्रतिनिधि मौन हैं और कोई ठोस पहल नहीं की जा रही। इसके क्षेत्रों में डॉक्टरों की नियुक्ति सरकार की प्राथमिकता होनी चाहिए। इससे न केवल इलाज की सुविधा सुधरेगी बल्कि दूर-दराज के मरीजों को समय रहते जीवनरक्षक उपचार मिल सकेगा। शासन को चाहिए कि टीकमगढ़ के अस्पतालों में रिक्त पदों को तत्काल भरे ताकि जिले की जनता को अपने ही क्षेत्र में बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मिल सके और मेडिकल कॉलेज के चक्कर काटने की मजबूरी खत्म हो। जिला अस्पताल में रात के समय इमरजेंसी में एक डॉक्टर की ड्यूटी रहती है यदि जनप्रतिनिधि प्रयास करें तो डॉक्टरों की पदस्थापना की जा सकती है।

### मौसमी बीमारियों में मरीजों में इजाफा

जानकारी के मुताविक जिला चिकित्सालय में इन दिनों डिहाईड्रेशन, खांसी, जुकाम, उल्टी, दस्त, पेट दर्द एवं वायरल बुखार होने के मरीजों की संख्या में एक साथ इजाफा हुआ है। जिसमें सबसे ज्यादा उल्टी,दस्त, खांसी, जुकाम, बुखार वाले मरीज आ रहे है। चिकित्सा विभाग मरीजो के इलाज में जुटा है। अस्पताल डॉ. अजीत जैन ने बताया पिछले कुछ दिनों से हो रही बारिश के चलते लोग बीमार हो रहे है। इसके अलावा सुबह शाम ठंड़क होने के कारण भी लोग मौसमी बीमारियों का शिकार हो रहे है। जिला अस्पताल की ओपीडी में सुबह 9 बजे से ही मरीजों की कतारें लगना शुरू हो जाती है।

## किसानों ने प्रदर्शन का सौंपा ज्ञापन



**नवभारत न्यूज खरगापुर। यूरिया खाद की कमी से परेशान किसानों ने सोमवार को बल्देवगढ़ और खरगापुर में सड़कों पर जाम लगा दिया। पलेरा में भी किसानों ने प्रदर्शन किया और तहसीलदार को ज्ञापन दिया ।सोमवार को कृषि विभाग के अधिकारी का वाहन रोककर तहसील के सामने पलेरा मार्ग पर किसानों ने विरोध जताया।**

किसानों ने बताया कि उन्हें पिछले एक हफ्ते से खाद नहीं मिल रही है। रामकिशन पाल ने कहा कि वे सुबह से शाम तक सोसाइटी और वितरण केंद्रों के चक्कर लगा रहे है लेकिन खाद उपलब्ध नहीं है। खरगापुर में राम रिछारिया ने आरोप लगाया कि किसान सुबह से लाइन में खड़े थे लेकिन वितरण केंद्र के कर्मचारी ताला लगाकर चले गए। पलेरा में समाजवादी पार्टी सपा कार्यकर्ताओं ने भी किसानों के साथ मिलकर प्रदर्शन किया और तहसीलदार को ज्ञापन सौंपकर जल्द खाद उपलब्ध कराने की मांग की ।जाम की सूचना मिलते ही बल्देवगढ़ थाना प्रभारी प्रीति भार्गव मौके पर पहुंचीं और किसानों को समझाने का प्रयास किया। जाम के कारण सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गई। पुलिस और प्रशासन के अधिकारी किसानों को समझाकर जाम खुलवाने का प्रयास कर रहे हैं।

# दस फरवरी को होगा सामूहिक कन्या विवाह



**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। मातृशक्ति संगठन द्वारा 10 फरवरी को सामूहिक कन्या विवाह समारोह का आयोजन किया जाएगा। सोमवार को आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में संगठन ने बताया कि इस समारोह में कुल आठ जोड़ों का विवाह संपन्न कराया जाएगा। संगठन की ओर से दहेज के सामान की भी व्यवस्था की गई है।**

मातृशक्ति संगठन की अध्यक्ष श्रद्धा चौहान ने जानकारी दी कि महिला सदस्यों के सहयोग से संगठन पिछले छह सालों से मातृ पितृ छाया वृद्ध आश्रम का संचालन कर रहा है। पिछले वर्ष भी सामूहिक कन्या विवाह समारोह आयोजित किया गया था जिसमें पांच जोड़ों का विवाह हुआ था। इस बार पहले सात जोड़ों का विवाह तय हुआ था जिसमें एक और परिवार के शामिल होने से अब कुल आठ जोड़े परिणय सूत्र में बंधेंगे।विवाह समारोह का विस्तृत कार्यक्रम भी बताया गया। 9 फरवरी को शाम 6 बजे से मेहंदी की रस्म होगी। 10फरवरी को दोपहर 12 बजे शहर के बजरंग अखाड़ा मंदिर से दूल्हों की सामूहिक बारात निकाली जाएगी। नगर भ्रमण के बाद दोपहर 1 बजे नजरबाग मैदान में दूल्हों का टीका होगा। दोपहर 2 बजे से पानी ग्रहण संस्कार की रस्में शुरू होंगी जिसके बाद शाम 5 बजे देव दर्शन और शाम 6 बजे विदाई का कार्यक्रम रखा गया है।

# उपनिर्वाचन की अधिसूचना जारी

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा मध्यप्रदेश पंचायत राज एवं ग्राम स्वराज अधिनियम अंतर्गत पंचायतों के उप निर्वाचन वर्ष 2025 हेतु कार्यक्रम विहित किया गया है। कार्यक्रम अनुसार जिले में एक जनपद पंचायत सदस्य, एक सरपंच तथा 8 पंच पदों हेतु उप निर्वाचन होना है।**

जनपद पंचायत बल्देवगढ़ के वार्ड क्रमांक 7 में जनपद पंचायत सदस्य के लिये, जनपद पंचायत जतारा की ग्राम पंचायत मोहनगढ़ में सरपंच पद के लिये निर्वाचन कार्यक्रम विहित किया गया है। साथ ही जनपद पंचायत जतारा की ग्राम पंचायत बाजीतपुरा में वार्ड क्रमांक 14, जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत बुड़ेरा में वार्ड क्रमांक 3, ग्राम पंचायत दरी में वार्ड क्रमांक 12, ग्राम पंचायत दरी में वार्ड क्रमांक 16 तथा जनपद पंचायत बल्देवगढ़ की ग्राम पंचायत खजरार में वार्ड क्रमांक 3, ग्राम पंचायत खरीला में वार्ड क्रमांक 1, ग्राम पंचायत नारायणपुर में वार्ड क्रमांक 14 एवं ग्राम पंचायत खरों में वार्ड क्रमांक 11 में पंच पद हेतु निर्वाचन कार्यक्रम विहित किया गया है। राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम अनुसार निर्वाचन की सूचना का प्रशासन तथा नाम निर्देशन-पत्र प्राप्त करना 8 दिसम्बर को, नाम निर्देशन-पत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि 15 दिसम्बर, नाम निर्देशन-पत्रों की संवीक्षा 16 दिसम्बर, अभ्यर्थिता से नाम वापस लेने की अंतिम तिथि 18 दिसम्बर, निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों की सूची तैयार करना अनिवार्य है।

# पार्षद प्रतिनिधि के अथक प्रयासों से कार्य हुआ पूर्ण



**नवभारत न्यूज पलेरा। लंबे समय से नगर की वार्ड क्रमांक 7 नारदगंज मोहल्ला में सीसी सड़क निर्माण कार्य को लेकर आ रही अड़चन को पार्षद प्रतिनिधि मुकेश यादव ने अपनी सूझबूझ से दूर कर दिया है। प्रतिनिधि मुकेश यादव ने मौके पर उपस्थित रहकर न केवल सीसी सड़क का निर्माण कार्य पूर्ण कराया बल्कि विकास में विरोध उत्पन्न करने वालों को कानूनी नसीहत दे डाली।**

नारदगंज वार्ड के नागरिकों ने बताया कि सीसी रोड का निर्माण कार्य वार्ड के विकास के लिए एक बड़ा कदम है। जिससे यहां के लोगों को आने-जाने में सुविधा होगी। उन्होंने बताया कि पार्षद प्रतिनिधि मुकेश यादव के प्रयास से निर्माण कार्य बीते सोमवार को पूर्ण कर लिया गया है। अब यहां के लोगों को इसका लाभ मिलेगा। वार्ड वासियों ने सीसी रोड के निर्माण कार्य पर खुशी जताई है और कहा है कि इससे नारदगंज के रहवासी लोगों को बहुत लाभ मिलेगा।

प्रतिनिधि मुकेश यादव ने मौके पर उपस्थित रहकर न केवल सीसी सड़क का निर्माण कार्य पूर्ण कराया बल्कि विकास में विरोध उत्पन्न करने वालों को कानूनी नसीहत दे डाली। इसको लेकर बार्डवासियों ने पार्षद प्रतिनिधि की सराहना की है।

## खाद चोरी के मामलें में अपराध पंजीबद्ध

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। मप्र राज्य सहकारी विपणन संघ मर्यादित भंडारण केन्द्र जतारा गल्ला मण्डी जतारा से अजात व्यक्तियों द्वारा 25 बोरियां चोरी कर लेने के संबंध में प्रथम दृष्टया अपराध धारा 303 ( ई ) बीएनएस पाये जाने पर जतारा थाने में अपराध पंजीबद्ध कर बिबेचना में लिया गया।**

विपणन संघ मर्यादित भंडारण केन्द्र जतारा जतारा में गोदाम प्रभारी ने फरियादी रामकुमार सोनी पिता सरमन कुमार सोनी द्वारा थाना जतारा में एक लिखित आवेदन पत्र मप्र राज्य सहकारी विपणन संघ मर्यादित भंडारण केन्द्र जतारा गल्ला मण्डी जतारा से अजात व्यक्तियों द्वारा 25 बोरियों चोरी कर लेने के संबंध में पेश किया गया, जो प्रथम दृष्टया अपराध धारा 303 (ई) बीएनएस पाये जाने से अपराध पंजीबद्ध कर बिबेचना में लिया गया।

# एसआईआर के तहत अधिकारियों की बैठक

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विवेक श्रोत्रिय के निर्देशानुसार निर्वाचन नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 एसआईआर के अंतर्गत आज जिले की सभी विधानसभाओं के मतदान केन्द्रों पर बीएलए तथा बीएलओ की बैठक आयोजित की गई। इस अवसर पर मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के बीएलए, बीएलओ तथा मतदान केन्द्रों के जागरूक मतदाता उपस्थित रहे।**



बैठक में विशेष तौर पर वर्तमान में जो गणना पत्रक प्राप्त हो हो गए गए है, उनके संबंध में डिजिटलाईजेशन का कार्य किया गया। साथ ही अनुपस्थित, स्थानांतरित, मृत एवं दोहरी प्रविष्टि वाले मतदाता की जानकारी संकलित कर इसका अवलोकन किया गया। साथ ही इस सूची का वाचन भी किया गया तथा मतदान केन्द्र पर इसे चस्पा भी किया गया। बैठक में सभी बीएल एवं अन्य नागरिकों से अपील की गई यदि उपरोक्त जानकारी में कोई विसंगति प्रतीत हो रही है, तो तत्काल अवगत कराया जाये ताकि उन मतदाताओं के संबंध में जानकारी 11 दिसम्बर के पूर्व बीएलओ एप के माध्यम से अपडेट की जा सके। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विवेक श्रोत्रिय के निर्देशानुसार निर्वाचन नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 एसआईआर के अंतर्गत आज जिले की सभी विधानसभाओं के मतदान केन्द्रों पर बीएलए तथा बीएलओ की बैठक आयोजित की गई। इस अवसर पर मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के बीएलए, बीएलओ तथा मतदान केन्द्रों के जागरूक मतदाता उपस्थित रहे।

# आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए चार टीमें गठित

**जमीनी विवाद को लेकर आया था हत्या का मामला**

**इलाज के दौरान पीड़ित की हुई मौत**

**नवभारत,न्यूज टीकमगढ़। बकपुरा गांव में जमीनी विवाद को लेकर हुई मारपीट में घायल उरसाब सोलंकी की झांसी में इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने पहले इस मामले में मारपीट की धाराओं के तहत केस दर्ज किया था लेकिन मौत के बाद अब हत्या की धाराएं बढ़ा दी गई हैं। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए चार टीमें गठित की गई हैं।**



एसडीओपी राहुल कटरे ने बताया कि यह घटना शनिवार को हुई थी। बकपुरा गांव में मवेशियों के खेत में घुसने को लेकर 55 वर्षीय उरसाब सिंह सोलंकी का अपने चार भतीजों राघवेंद्र, अनिल, अभय और अजय सोलंकी से विवाद हो गया। इस दौरान दोनों पक्षों में मारपीट हुई जिसमें उरसाब सिंह और आरोपी पक्ष से अजय घायल हुए ।गंभीर रूप से घायल उरसाब सिंह को पहले जिला अस्पताल लाया गया जहां से उन्हें झांसी रेफर कर दिया गया था। रविवार दोपहर झांसी में इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। सिर में गंभीर चोट के निशान साफतौर पर देखे गए थे। रविवार रात परिजन शव को पोस्टमॉर्टम के लिए जिला अस्पताल लाए। इस दौरान अस्पताल परिसर में बड़ी संख्या में लोग जमा हो गए जिसके मद्देनजर भारी पुलिस बल तैनात किया गया। एसडीओपी कटरे ने परिजनों को बताया कि चारों आरोपियों के खिलाफहत्या का मामला दर्ज कर उनकी गिरफ्तारी के लिए टीमें गठित की गई हैं। बकपुरा गांव में जमीनी विवाद को लेकर हुई मारपीट में घायल उरसाब सोलंकी की झांसी में इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने पहले इस मामले में मारपीट की धाराओं के तहत केस दर्ज किया था लेकिन मौत के बाद अब हत्या की धाराएं बढ़ा दी गई हैं। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए चार टीमें गठित की गई हैं। रविवार दोपहर झांसी में इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। सिर में गंभीर चोट के निशान साफ तौर पर देखे गए थे। रविवार रात परिजन शव को पोस्टमॉर्टम के लिए जिला अस्पताल लाए। इस दौरान अस्पताल परिसर में बड़ी संख्या में लोग जमा हो गए जिसके मद्देनजर भारी पुलिस बल तैनात किया गया।

**प्रदर्शन** ▶ मुख्यमंत्री के नाम जिला प्रशासन को सौंपा ज्ञापन

# अध्यापक संघ का ई-अटेंडेंस प्रणाली के विरोध में प्रदर्शन

**नवभारत न्यूज टीकमगढ। शहर में अध्यापक संघ ने ई-अटेंडेंस प्रणाली के विरोध में प्रदर्शन किया। शाम करीब 5 बजे शिक्षक कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचे और इ-अटेंडेंस गो बैक के नारे लगाए। इस दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री के नाम जिला प्रशासन को ज्ञापन दिया।**



प्राथमिक एवं माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रांत अध्यक्ष सतीश खरे ने कहा कि शिक्षक इस प्रणाली को अपने सम्मान के खिलाफ मानते हैं। उनका आरोप है कि इसे जबरन लागू किया जा रहा है। शिक्षक दावा करते हैं कि इसे लागू न करने पर वेतन रोकने या वेतन वृद्धि रोकने जैसे आदेश जारी कर उन्हें धमकाया जा रहा हैए जिससे उनमें भारी रोष है। खरे ने बताया कि मामला न्यायालय में विचाराधीन होने के बावजूद विभाग द्वारा दबावपूर्ण और धमकी भरे आदेश जारी किए जा रहे हैं। इससे शिक्षक मानसिक प्रताड़ना झेलने को मजबूर हैं। शिक्षकों ने 3.0 पोर्टल को असुरक्षित और अपडेटेड न बताया। उन्होंने कहा कि हाल ही में जारी नोटिस मृत शिक्षकोंए सेवा से पृथक किए गए शिक्षकों और अन्य विभागों में कार्यरत कर्मचारियों को भी भेजे गएए जिससे पोर्टल में गंभीर विसंगतियां सामने आई हैं। शिक्षकों ने कहा कि यदि यह व्यवस्था लागू होती हैए तो मोबाइल न लाने नेटवर्क समस्या या मोबाइल खराब होने जैसी परिस्थितियों में उनका वेतन काटा जा सकता है।

कटे हुए वेतन को वापस पाने के लिए लंबी और जटिल प्रक्रिया से गुजरना पड़ेगा ।उन्होंने मौजूदा स्थिति का हवाला देते हुए कहा कि आयुक्त कलेक्टर और जिला शिक्षा अधिकारी के आदेशों के बावजूद कई जगह आहरण-संवितरण अधिकारियों और संकुल प्राचार्यों द्वारा कई प्रकार के एरियर का भुगतान नहीं किया गया है। टीकमगढ़ में अध्यापक संघ ने ई-अटेंडेंस प्रणाली के विरोध में प्रदर्शन किया। शाम करीब 5 बजे शिक्षक कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचे और इ-अटेंडेंस गो बैक के नारे लगाए। इस दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री के नाम जिला प्रशासन को ज्ञापन दिया। इसको लेकर कई दिनों से विरोध किया जा रहा है।

### विरोध करने वालों में इनके नाम रहे शामिल

शहर में अध्यापक संघ ने ई-अटेंडेंस प्रणाली के विरोध में ज्ञापन सौंपने के दौरान जिला अध्यक्ष सतीश खरे, अवधेश तिवारी, मनोज साहू, अशोक कुमार जैन, सुनील पाठक, संजय श्रीवास्तव राजकुमार घोष, ब्रजेश प्रजापति रामकिशन अहिरवार, चरण दास अहिरवार, डीपी परिहार, मुकेश जैन, शलमा बेगम, रामकुमारी यादव, मजहर उल्ला बेग, केपी रैकवार, अक्षय खरिया और केपी यादव सहित कई शिक्षक उपस्थित रहे।

## अनिवार्यता से लेना होगी स्कूलों को मान्यता

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। राज्य शिक्षा केन्द्र मध्यप्रदेश भोपाल के निर्देशानुसार शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 के तहत कक्षा 8वीं तक के समस्त अशासकीय स्कूलों को मान्यता लेना अनिवार्य है। सत्र 2026-27 नवीन मान्यता, मान्यता नवीनीकरण के लिए अशासकीय स्कूलों में निर्धारित प्रक्रिया से आवेदन करने की अंतिम तिथि 31 दिसम्बर है।**

अंतिम तिथि से पूर्व अशासकीय स्कूलों द्वारा नवीन मान्यता, मान्यता नवीनीकरण हेतु आरटीई एमपी मोबाईल ऐप के माध्यम से निर्धारित शुल्क जमा कर ऑनलाईन आवेदन किया जा सकेगा। शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 के तहत कक्षा 8वीं तक के समस्त अशासकीय स्कूलों को मान्यता लेना अनिवार्य है।

## अधिकारियों ने केन्द्रों का किया निरीक्षण



**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने संबंधित अधिकारियों के साथ बड़ोराघाट स्थित खाद वितरण केन्द्र का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री श्रोत्रिय ने चौपाल लगाकर किसानों से संवाद किया तथा खाद वितरण की व्यवस्थाओं का जायजा लिया।**

इस अवसर पर एसडीएम टीकमगढ़ श्रीमती संस्कृति मुदित लिटौरिया, तहसीलदार टीकमगढ़ सतेन्द्र सिंह गुर्जर सहित संबंधित अधिकारी तथा किसान उपस्थित रहे। कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने संबंधित अधिकारियों के साथ बड़ोराघाट स्थित खाद वितरण केन्द्र का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री श्रोत्रिय ने चौपाल लगाकर किसानों से संवाद किया तथा खाद वितरण की व्यवस्थाओं का जायजा लिया।